# UNNAT BHARAT ABHIYAN

## Regional Coordinating Institute, Indian Institute of Technology Roorkee

**(News Clipping)**

**हिन्दुस्तान**

सोमवार • 10 अगस्त 2020

# आईआईटी में पद्मश्री बागूजी करेंगे वेबिनार को संबोधित

रुड़की | **हमारे संवाददाता**

आईआईटी रुड़की में आज पिछड़े गांव को विकास के मॉडल में बदलने को लेकर वेबिनार आयोजित किया जा रहा है। मुख्य वक्ता पद्मश्री पुरस्कार से नवाजे गए किसान सरपंच पोपटराव बागूजी पंवार होंगे। उन्हें इसी वर्ष देश के चौथे नम्बर के प्रतिष्ठित पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

बागूजी पंवार महाराष्ट्र प्रान्त के अहमदनगर जिले की हिवरे बाजार ग्राम पंचायत के सरपंच हैं तथा उक्त गांव के एकलौते परास्नातक डिग्री धारक हैं। उनके सामाजिक कार्यों के लिए भारत सरकार द्वारा उन्हें वर्ष 2020 के पद्म श्री पुरस्कार से नवाजा गया है। पंवार वर्तमान में महाराष्ट्र सरकार के मॉडल गांव कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक हैं। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे से प्रभावित होकर उन्होंने अपने गांव में वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन कार्यक्रम शुरू किया। आईआईटी रुड़की के समन्वयक प्रो. आशीष पाण्डेय ने बताया कि उपर्युक्त बातों को ध्यान में रखकर उन्नत भारत अभियान-क्षेत्रीय समन्वय संस्थान आईआईटी रुड़की ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं राज्य के सभी 75 प्रतिभागी संस्थानों को लेकर वेबिनार हो रहा है।